o/c

कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून– 248001

Email id-ceo uttaranchal@eci.gov.in फोन न0 (0135) 2713551

election09@gmail.com फोन न0 (0135) 2713552

संख्या– 222 / xxv–12(10) / 2018 देहरादून : दिनांक 15 फरवरी, 2021

सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तातरंण के लिए प्रपत्र

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी /
सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी,
उधमसिंहनगर।

विषय– **सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड के पत्र संख्या–1122 दिनांक 15 फरवरी 2021 के साथ कु0 छाया पुत्री श्री रामपाल सिंह, निवासी ग्राम वावरखेड़ा, पो0कुण्डा, तहसील काशीपुर, उधमसिंहनगर का अनुरोध पत्र दिनांक 08–02–2021 इस कार्यालय में दिनांक 15 फरवरी 2021 को प्राप्त हुआ है की प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि अनुरोध पत्र में चाही गयी सूचना आपके कार्यालय से सम्बन्धित है।

अतः अनुरोध पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6(3) के अन्तर्गत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है। कृपया अनुरोधकर्ता को वांछित सूचना अपने स्तर से नियमानुसार उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय,

B. S. Rawat
(बसन्त सिंह रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी।

पृ0संख्या 222 / XXV–12(10) / 2008, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– कु0 छाया पुत्री श्री रामपाल सिंह, निवासी–ग्राम वावरखेड़ा, पो0कुण्डा, तहसील काशीपुर, उधमसिंहनगर, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

B. S. Rawat
(बसन्त सिंह रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी।

15/2/2021 पंजीकृत

सूचना का अधिकार

सत्यमेव जयते

राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड

निर्वाचन भवन, लाडपुर, मसूरी बाईपास, रिंग रोड, देहरादून।

दूरभाष : 0135-2673011, 2671671 टैलीफैक्स : 0135-2670998, 2678945 E-Mail : sec.uttarakhand@gmail.com

संख्या-1122 /रा0नि0आ0-1/2976/2021 दिनांक 15 फरवरी, 2021

सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तातंरण

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड,
सचिवालय परिसर, देहरादून।

महोदय,

कृपया सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत कु0 छाया पुत्री श्री रामपाल सिंह, निवासी- ग्राम वावरखेडा, पो0कुण्डा, तहसील काशीपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड द्वारा एक अनुरोध-पत्र दिनांक 08.02.2021 राज्य निर्वाचन आयोग में प्रेषित किया गया है, जो आयोग में दिनांक 12.02.2021 को प्राप्त हुआ है तथा अनुरोधकर्ता द्वारा नियमानुसार रू0 10.00 का पोस्टल आर्डर भी आवेदन शुल्क के रूप में प्रेषित किया गया है। उपरोक्त अनुरोध पत्र के माध्यम से अनुरोधकर्ता द्वारा ग्राम वावरखेडा, पो0कुण्डा, तहसील काशीपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड की वर्ष 1980 से वर्ष 1990 तक या इन वर्षों के निकटतम वर्षों के पंचायत चुनाव हेतु मुद्रित मतदाता सूची की प्रतियां उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

चूंकि संविधान के 73वें संशोधन के पश्चात राज्य निर्वाचन आयोग का गठन वर्ष 1993 में किया गया है एवं वर्ष 1993 से पूर्व पंचायत निर्वाचनों का सम्पादन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता रहा है, जिसके फलस्वरूप मांगी गयी सूचना आपके कार्यालय में उपलब्ध/धारित होनी प्रतीत होती है।

अतएव् उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत सन्दर्भित अनुरोध पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आपको इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि अनुरोध-पत्र में मांगी गयी सूचना नियमानुसार अनुरोधकर्ता को अपने स्तर से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

इस पत्र की एक प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

संलग्नक-उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(राजकुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त/
लोक सूचना अधिकारी।
मो0 7534820731

संख्या- /रा0नि0आ0-1/2976/2021 तद्दिनांक।(पंजीकृत)

प्रतिलिपिः- कु0 छाया पुत्री श्री रामपाल सिंह, निवासी- ग्राम वावरखेडा, पो0कुण्डा, तहसील काशीपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड को सूचनार्थ।

(राजकुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त/
लोक सूचना अधिकारी।

R.no - 926/12.2.21

220
12/02/21

सेवा में

लोक सूचना अधिकारी
राज्य चुनाव आयोग देहरादून

विषय - सू० का अधि० अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना चाहने बावत

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी को ग्राम बावरखेड़ा पो० कुण्डा तह० काशीपुर ऊ०सि०नगर उत्तराखण्ड के ग्राम बावरखेड़ा की वर्ष 1980 - से वर्ष 1990 तक की पंचायत चुनाव मतदाता सूचि की आवश्यकता है महोदय से निवेदन है वर्ष 1980 - 1990 तक या इनके निकट म वर्षों जिनमें मतदाता सूचि का निर्माण किया गया हो उपलब्ध कराने की कृपा करें यदि कार्यालय में सूचना उपलब्ध न होने पर संबंधित कार्यालय को प्रेषित करने की कृपा करें

आपका आभार रहेगा

रू० 10 का पोस्टल आर्डर सं० 51F 679624 संलग्न है

प्रार्थी
कु० छाया।
पुत्री श्री रामपाल सिंह
नि० ग्राम - बावरखेड़ा पो० कुण्डा
तह० काशीपुर ऊ०सि०नगर
उत्तराखण्ड

08 Feb 2021

श्री दिनेश

12.02.2021
(राज कुमार वर्मा)
सहायक आयुक्त
राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

Review 10. B-10).
12/2/21